स्पीडपोस्ट

प्रेषक,

मण्डलायुक्त,
गोरखपुर।

सेवा में,

संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन,
शिक्षा अनुभाग–7,
लखनऊ।

संख्या: /सत्ताईस–43(2008–09) दिनांक 14 जून, 2010

विषय: **प्रदेश स्थित माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं को सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजुकेशन नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक दिनांक 05.06.2010 में लिये गये निर्णय की सूचना।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या: 1916/15–7–09–1(299)/2007 दिनांक 14 जुलाई, 2009 के प्रस्तर – 5 द्वारा गठित मण्डलीय समिति की बैठक दिनांक 05.06.2010 को सम्पन्न हुई, जिसमें **रघुकुल एकेडमी, ग्राम बंगरूआ, देवरिया** को अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने पर विचार विमर्श किया गया।

शासनादेश संख्या: 2762/15–13–91–41461/91 दिनांक 30 नवम्बर, 1991 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप विद्यालय के प्रबन्धक द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों एवं निर्धारित बिन्दुओं पर उप जिलाधिकारी, भाटपार रानी, जिला देवरिया से विद्यालय की जांच करायी गयी। उप जिलाधिकारी, भाटपार रानी की जांच आख्या दिनांक 16.04.2010 एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम् मण्डल, गोरखपुर की स्थलीय निरीक्षण आख्या दिनांक 01.06.2010 के आधार पर मण्डलीय समिति द्वारा **रघुकुल एकेडमी, ग्राम बंगरूआ, देवरिया** को सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजुकेशन नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में सहर्ष सहमति प्रदान कर दी गयी है। मण्डलीय समिति की बैठक दिनांक 05.06.2010 का कार्यवृत्त संलग्न है।

कृपया तद्नुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(पी०के०महान्ति)
मण्डलायुक्त।

Manager
RAGHUKUL ACADEMY
Bangarua Deoria (U.P.)

PRINCIPAL
RAGHUKUL ACADEMY
BANGARUA, DEORIA (U.P.)

संख्या 811. 819.55 /सत्ताईस–43 (2008–2009) दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. शिक्षा निदेशक/अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा परिषद, लखनऊ।
2. सचिव, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद, शिक्षा केन्द्र–2, समुदाय केन्द्र, प्रीति विहार, नई दिल्ली।
3. जिलाधिकारी, देवरिया।
4. संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम् मण्डल, गोरखपुर।
5. जिला विद्यालय निरीक्षक, देवरिया।
6. प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, रघुकुल एकेडमी, ग्राम बंगरूआ, देवरिया।

(पी०के० महान्ति)
मण्डलायुक्त।

Manager
RAGHUKUL ACADEMY
Bangarua Deoria (U.P.)

PRINCIPAL
RAGHUKUL ACADEMY
BANGARUA, DEORIA (U.P.)